भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न संख्या 1868**

<u>दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

श्रीलंका के साथ आर्थिक समझौते

1868. **श्रीमती कानीमोझीः** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अगस्त, 2012 के प्रथम सप्ताह में मंत्री जी के श्रीलंका दौरे के दौरान किए गए आर्थिक समझौतों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने श्रीलंका के युद्ध प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर उत्तरी प्रान्त में उद्योग लगाने में कोई सहायता देने का वादा किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा0 सिंधिया)</u>

(क) श्रीलंका दौरे के दौरान किसी आर्थिक करार पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे ।

(ख) और (ग) **:** श्रीलंका सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एस ई जेड) की स्थापना हेतु त्रिंकोमाली में भूमि की पेशकश की है, जहां इंजीनियरी एवं ऑटोमोबाइल संघटकों पर बल दिया जाएगा। श्रीलंका सरकार ने भेषज एवं वस्त्र क्षेत्र में भी भारतीय निवेश आमंत्रित किए हैं। अभिज्ञात क्षेत्रों में निवेश के संभावित अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त कार्य बल के गठन पर सहमति बनी है ।

____